खण्ड-13 संख्या-12

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

बुधवार, तिथि 29 अगस्त, 1984 ई० ।

विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या -30, 33, 34 एवं 35 | ... | 1—8 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—683, 849, 856, 860, 1758, 1759, 1766, 1767, 1781, 1782, 1785, 1790 एवं 1791 | | 9—24 |
| परिशिष्ट—( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) | | 25—135 |
| दैनिक निबंध ... | ... | 137-138 |


टिप्पणी —किन्ही मंत्रियों एवं सदस्यों ने उनके भाषण का संशोधन नहीं किया है ।

श्री राम का पदस्थापन।

*1785. श्री राम नरेश सिंह (नालन्दा)—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुक्तेश्वर राम, कनीय अभियन्ता, नई राजधानी प्रमंडल, (पटना) बारह वर्षों से पटने के विभिन्न स्थानों पर कार्य (work) में ही पदस्थापित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पदस्थापन एवं कार्य और अकार्य की सरकारी नीति के आलोक में श्री मुक्तेश्वर राम को पटना से बाहर अकार्य (Non-work) पद पर पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री रामनरेश सिंह—मैं पूछता हूं।

श्री अवध बिहारी सिंह—(1) स्वीकारात्मक है। श्री राम पटने में विभिन्न स्थानों पर कार्य/अकार्य में 1 फरवरी, 1971 से लगातार आजतक कार्यरत हैं।

(2) पथ निर्माण विभाग के आदेश संख्या 341, दिनांक 16 अगस्त, 1984 द्वारा श्री राम की सेवा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अधीन पटना से बाहर पदस्थापन हेतु सौंपी जा चुकी है।

श्री रामनरेश सिंह—बिहार राज्य पुल निर्माण निगम पटना से बाहर है या पटने में ही है ?

श्री चन्द्रशेखर सिंह—माननीय सदस्य ने सुना नहीं। इन्होंने पढ़ा कि निगम को कहा गया है इनकी पदस्थापन पटना से बाहर करें।

श्री रामाश्रय राय—कबतक पटना से बाहर के लिए रिलीभ हो जायेंगे ?

श्री अवध बिहारी सिंह—बैठे-बैठे शीघ्र।

---

सड़क का निर्माण।

1790. श्री नजमुद्दीन—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिले के अमीर बहादुरगंज पथ के पचीसवें मील पर करीब दो सौ फीट की एक खाई है जिस पर अबतक पुल नहीं बनाया गया है;